# Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 17/02/2025 |
| Exam Time | 12:00 PM - 1:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** किसी कूट बद्ध भाषा में, 'CARE' को '5132' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'RATE' को '2154' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में T के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
1. 3
2. 4
3. 2
4. 1


**Q.2** आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति 1 में - L, M, N और O बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति 2 में - P, Q, R और S बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
इस प्रकार, पहली पंक्ति के प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति की ओर है। M, N के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। Q के सम्मुख बैठा व्यक्ति, N का निकटतम पड़ोसी है। O के सम्मुख बैठा व्यक्ति, Q का निकटतम पड़ोसी है। M के सम्मुख बैठा व्यक्ति, R का निकटतम पड़ोसी है। S, P के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
निम्नलिखित में से कौन R के सम्मुख बैठा है?


**Ans**
1. L
2. O
3. M
4. N


**Q.3** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति, उसके एक भाग के रूप में निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




**Ans**

1. 

2. 

3. 

4. 

**Q.4** यदि '÷' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

47 − 5 ÷ 2 + 72 × 6 = ?

**Ans**


1. 48
2. 47
3. 46
4. 45

**Q.5** VF 19 एक निश्चित तरीके से YB -2 से संबंधित है। TX 11 उसी तरीके से WT -10 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PL 6 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans**

1. HT -14
2. RH -16
3. HR -13
4. SH -15

Q.6 एक ही पासे की दो अलग-अलग स्थितियाँ नीचे दी गई हैं। फलक 1 के विपरीत फलक पर कौन-सी संख्या होगी?




Ans
1. 4
2. 3
3. 5
4. 6

Q.7 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

623 625 629 635 643 ?

Ans
1. 651
2. 656
3. 655
4. 653

Q.8 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी शावक, बछड़े हैं।
सभी शावक, पिल्ले हैं।
सभी बिलौटे, पिल्ले हैं।

निष्कर्ष:
(I): सभी बिलौटे, बछड़े हैं।
(II): कुछ पिल्ले, बछड़े हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
4. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.9 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
ZZZ CCC FFF III ?

Ans
1. LLL
2. GGG
3. KKK
4. HHH

Q.10 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि ‘P + Q – R × S ÷ T’ है, तो उपरोक्त के आधार पर Q, T से किस प्रकार संबंधित है?

Ans
1. भाई की पत्नी
2. पुत्री
3. माता के भाई
4. पत्नी के पिता

Q.11 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

809 810 812 815 819 ?

Ans
1. 821
2. 824
3. 822
4. 823


Q.12 उस सही विकल्प का चयन कीजिए, जिसे दी गई श्रृंखला में इसी क्रम में रिक्त स्थानों में भरने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।

_OLPM_NROS_TQUR_ SWT_

Ans
1. KQPVX
2. KOPUX
3. JQNVZ
4. JONUZ


FEATURES

- Amazon तथा Flipkart पर #1 Bestseller
- Toppers' तथा Teachers' द्वारा highly recommended.
- Multicoloured 2D & 3D diagrams with visual effects makes learning easy.
- CLASSNOTES - CALCULATION-FORMULAE 3 IN 1 BOOK
- Useful for all SSC, Railways, Defence, Banking & All Govt. Exams





AVAILABLE ON


amazon Bookscape flipkart.com


Local Book Shops


Q.13





Ans

1\. 


2\. 



3\. 



4\. 


Q.14 उस वेन आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है।


पेड़, पतलून, फोन

Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Q.15 यदि शब्द ICEBOATS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans


1. एक
2. दो
3. एक का भी नहीं
4. तीन

Q.16 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर QIWC एक निश्चित प्रकार से OGTZ से संबंधित है। GONY ठीक उसी प्रकार EMKV से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए FPJA दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?


Ans


1. CLHZ
2. DNIY
3. EMHY
4. DNGX


Q.17 एक कागज़ को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर काटा जाता है। खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा?




Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Q.18 किसी निश्चित कूट भाषा में, ‘help your friends’ को ‘ap hg nk’ के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और ‘he needs help’ को ‘sr ml ap’ के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में ‘help’ को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

Ans

1. sr
2. hg
3. nk
4. ap

Q.19 सात व्यक्ति, E, F, G, H, K, L और N, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। N के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N और H के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। K, L के ठीक बाईं ओर बैठा है। E, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans

1. चार
2. एक
3. पाँच
4. दो

Q.20 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. CHE
2. AEC
3. TXV
4. LPN

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Q.1 नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (New India Literacy Programme) किस वर्ष शुरू हुआ?

Ans
1. 2020-21
2. 2019-20
3. 2022-23
4. 2021-22

Q.2 मानक शर्तों (standard conditions) के लिए एक नई क्रिकेट गेंद का भार न तो 155.9 g से कम होगा और न ही _______ g से अधिक होगा।

Ans
1. 161
2. 164
3. 163
4. 162

Q.3 निम्नलिखित में से कौन राज्य के योजना आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है?

Ans
1. राज्यपाल
2. मुख्य सचिव
3. वित्त मंत्री
4. मुख्यमंत्री

Q.4 बौद्ध ग्रंथ के अनुसार, छठी से चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के दौरान कितने कुलीन गणराज्यों या साम्राज्यों, जिन्हें महाजनपद कहा जाता था, ने प्राचीन भारत पर शासन किया था?

Ans
1. 21
2. 16
3. 8
4. 11

Q.5 वह तापमान जिस पर तेल जलने लगता है, जिससे इसमें तैयार किए जा रहे खाद्य पदार्थों में जले हुए स्वाद का आभास होता है, _________कहलाता है।

Ans
1. क्रांतिक तापमान (critical temperature)
2. धूमांक (smoke point)
3. क्वथनांक (boiling point)
4. प्रज्वलन तापमान (ignition temperature)

Q.6 निम्नलिखित में से किस उद्योग को 'सेवा उद्योग' माना जाता है?

Ans
1. लौह एवं इस्पात उद्योग
2. कपड़ा उद्योग
3. निर्माण उद्योग
4. पर्यटन उद्योग

**Q.7** डॉ. पी.सी. महालनोबिस को ________ भी कहा जाता है।

**Ans**
1. हरित क्रांति का जनक (Father of Green Revolution)
2. आरबीआई का संस्थापक (Founder of RBI)
3. भारतीय सांख्यिकी का जनक (Father of Indian Statistics)
4. नई आर्थिक नीति का जनक (Father of New Economic Policy)

**Q.8** भारत की पहली ट्रांसजेंडर भरतनाट्यम नृत्यांगना और 2019 में पद्म श्री पाने वाली पहली ट्रांसजेंडर महिला निम्नलिखित में से कौन हैं, जिन्हें भरतनाट्यम के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि भी मिली थी?

**Ans**
1. नर्तकी नटराज
2. इवांका दास
3. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी
4. खुशी शेख

**Q.9** जुलाई 2024 में, संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत का नया राजदूत निम्नलिखित में से किसे नियुक्त किया गया है?

**Ans**
1. बिनय रंजन सेन
2. नैन्सी जे. पॉवेल
3. रिचर्ड आर. वर्मा
4. विनय मोहन क्वात्रा

**Q.10** कर्णम मल्लेश्वरी ने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कब जीता था?

**Ans**
1. 1992-93 में
2. 1993-94 में
3. 1991-92 में
4. 1994-95 में

**Q.11** निम्नलिखित में से किस स्थान पर रेह (Reh) और बूरी बूट (Boori Boot) मुख्य रूप से मनाया जाता है?

**Ans**
1. असम
2. अरूणाचल प्रदेश
3. हिमाचल प्रदेश
4. गुजरात

**Q.12** 1828 में, फ्रेडरिक वोहलर (Friedrich Wöhler) ने पात्रे में संपन्न किस अम्ल और अमोनियम के संयोजन से यूरिया के निर्माण के वर्णन को एक पेपर में प्रकाशित किया था?

**Ans**
1. वैलेरिक अम्ल (valeric acid)
2. परक्लोरिक अम्ल (perchloric acid)
3. हाइड्रोआयोडिक अम्ल (hydroiodic acid)
4. सायनिक अम्ल (cyanic acid)

**Q.13** निम्नलिखित में से भारत के किस पड़ोसी देश का राजधर्म इस्लाम है?

**Ans**
1. श्रीलंका
2. म्यांमार
3. नेपाल
4. पाकिस्तान

**Q.14** जनजातीय नृत्य, कुनबी (Kunbi), मुख्य रूप से भारतीय राज्य ________ में किया जाता है।

**Ans**
1. सिक्किम
2. उत्तराखंड
3. गोवा
4. ओडिशा

Q.15 ______________ में स्थित नील नदी को लंबे समय से 6,695 km तक फैली दुनिया की सबसे लंबी नदी के रूप में मान्यता दी गई है।

Ans
1. दक्षिण अमेरिका
2. पश्चिमी यूरोप
3. उत्तरी एशिया
4. उत्तर-पूर्वी अफ़्रीका

Q.16 नवंबर 2024 में नई दिल्ली में आयोजित सातवें सत्र के दौरान निम्नलिखित में से किसे अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के नए महानिदेशक के रूप में चुना गया?

Ans
1. आशीष माथुर
2. आशीष खन्ना
3. अजय खन्ना
4. अजय माथुर

Q.17 भारत में मुसलमानों के लिए शिक्षा के आधुनिकीकरण के लिए अलीगढ़ आंदोलन का नेतृत्व किसने किया?

Ans
1. मुहम्मद अली जिन्ना
2. मौलाना अबुल कलाम आजाद
3. शौकत अली
4. सैयद अहमद खान

Q.18 इमानी शंकर शास्त्री ऐसे पहले कर्नाटक वादकों में से एक थे जिन्होंने किस संगीत वाद्य यंत्र की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए संपर्क माइक्रोफोन (contact microphone) का उपयोग किया था?

Ans
1. सरोद
2. वीणा
3. मैंडोलिन
4. सारंगी

Q.19 86वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में 11वां मौलिक कर्तव्य किस वर्ष जोड़ा गया?

Ans
1. 2004
2. 1985
3. 2002
4. 1976

Q.20 सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में विनिवेश का एक प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
1. निजी क्षेत्र की भागीदारी को ख़त्म करना
2. सरकार के लिए राजस्व उत्पन्न करना
3. सार्वजनिक उद्यमों की दक्षता को कम करना
4. उद्योगों पर सरकारी नियंत्रण में वृद्धि करना

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Q.1 प्रवीण के पास ₹1224 हैं। उन्होंने इसे अपने पुत्रों ऋषि और शान के बीच बांट दिया और उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 4% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि ऋषि और शान को क्रमशः 15 और 16 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। प्रवीण ने शान को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
1. 450
2. 624
3. 724
4. 600

| | | |
|---|---|---|
| Q.2 | यदि x, $y^2$ के व्युत्क्रमानुपाती है और यदि x = 78 होने पर y = 11 है, तो y = 2.2 होने पर x का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 1995<br>2. 1880<br>3. 1950<br>4. 1725 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.3 | शिवम के दो पोते रूपेश और मंदार हैं। 12 वर्षीय रूपेश को शिवम की संपत्ति से कुछ धनराशि मिलती है और 13 वर्षीय मंदार को बाकी धनराशि मिलती है। लेकिन रूपेश और मंदार को धनराशि तभी मिलेगी जब वे 23 वर्ष के हो जाएंगे। तब तक धनराशि बैंक में जमा रहेगी और उस पर वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाले 8% वार्षिक दर पर ब्याज मिलेगा। जब दोनों 23 वर्ष के हो जाते हैं, तो उन्हें समान राशि मिलती है। यदि शिवम के पास कुल धनराशि ₹24700 थी, तो शिवम ने शुरुआत में मंदार को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी? | |
| Ans | 1. 13175<br>2. 12825<br>3. 11875<br>4. 11625 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.4 | यदि x का 4% = 108 है, तो x ____ के बराबर है। | |
| Ans | 1. 5400<br>2. 2700<br>3. 5500<br>4. 2800 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।<br>$\left[(29 \times 13) \times \left\{3 \div 3 \times \frac{(18 - 14)}{4}\right\}\right]$ | |
| Ans | 1. 391<br>2. 377<br>3. 380<br>4. 364 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | भानु शहर A से शहर B तक यात्रा करता है। यदि भानु अपनी कार को अपनी सामान्य चाल की $\frac{3}{7}$ चाल पर चलाता है, तो वह शहर B तक 28 मिनट देरी से पहुंचता है। यदि भानु अपनी कार सामान्य चाल से चलाता, तो शहर A से शहर B तक यात्रा करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगता? | |
| Ans | 1. 11<br>2. 21<br>3. 18<br>4. 19 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर निर्मल ₹5400 की राशि का निवेश करता है और राकेश ₹9400 की राशि का निवेश करता है। यदि 5 वर्ष के अंत में, राकेश को निर्मल से ₹360 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 1.8<br>2. 3.8<br>3. 2.2<br>4. 3.2 | |

Q.8 एक साबुन कंपनी दो प्रकार के साबुन बनाती है जिनका भार क्रमशः 500 gm और 650 gm है। यदि कंपनी में पहले प्रकार के 200 साबुन और दूसरे प्रकार के 300 साबुन का उत्पादन किया जाता है, तो साबुन का भारित औसत भार (gm में) कितना है?

Ans

1. 600
2. 620
3. 610
4. 590

Q.9 268 m लंबी एक रेलगाड़ी 58 km/h की चाल से चल रही है। 14 km/h की चाल से विपरीत दिशा से आ रहे एक व्यक्ति को पार करने में उसे कितना समय लगेगा?

Ans

1. 13.4 सेकंड
2. 15.5 सेकंड
3. 17.2 सेकंड
4. 12.8 सेकंड

Q.10 उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी भुजाएँ 6 cm, 0.08 m और 4 cm हैं।

Ans

1. $6\sqrt{15}$ $cm^2$
2. $5\sqrt{15}$ $cm^2$
3. $3\sqrt{15}$ $cm^2$
4. $4\sqrt{15}$ $cm^2$

Q.11 एक व्यक्ति किसी वस्तु को ₹219 में बेचता है, जिससे उसे 9.5% का लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था?

Ans

1. 241
2. 239
3. 200
4. 198

Q.12 पेट्रोल के मूल्य में (प्रति लीटर) 50% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी कर दी जाए कि इस पर होने वाले व्यय में केवल 41% की वृद्धि हो?

Ans

1. 8%
2. 93%
3. 94%
4. 6%

Q.13 मूल्यांकन कीजिए : 16 + 12 ÷ 3 - 3 × 3

Ans

1. 13
2. 10
3. 11
4. 14

Q.14 A और B एक कार्य को 18 दिनों में कर सकते हैं, B और C उसी कार्य को 32 दिनों में कर सकते हैं तथा A और C उसी कार्य को 52 दिनों में कर सकते हैं। A, B और C को एक साथ मिलकर कार्य पूरा करने में कितना समय लगेगा?

Ans

1. $18\frac{342}{397}$ दिन
2. $17\frac{341}{397}$ दिन
3. $16\frac{340}{397}$ दिन
4. $15\frac{339}{397}$ दिन

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | 69 - 4 × [ 4 + 3 × { 20 - 5 ( 7 - 5 ) × 2} ÷ 29] का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 46<br>2. 53<br>3. 54<br>4. 45 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | बबन ने 150 कुर्सियाँ बेचीं और उसे 90 कुर्सियों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ हुआ। उसका लाभ प्रतिशत कितना है? | |
| Ans | 1. 145%<br>2. 160%<br>3. 150%<br>4. 155% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | दो संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 140 और 5 है। यदि उनमें से एक संख्या 35 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 23<br>2. 20<br>3. 22<br>4. 19 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | दिए गए विकल्पों में से कौन सी योजना सबसे अधिक छूट प्रदान करती है? | |
| Ans | 1. प्रत्येक 5% की दो क्रमिक छूटें<br>2. प्रत्येक 8% की दो क्रमिक छूटें<br>3. 8% और 11% की दो क्रमिक छूटें<br>4. प्रत्येक 10% की दो क्रमिक छूटें | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | दिए गए समीकरण में x के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या आएगी?<br><br>0.3 : 4.8 : : 0.2 : x | |
| Ans | 1. 3.8<br>2. 4.2<br>3. 3.2<br>4. 2.1 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | 21 संख्याओं का औसत 74 है। प्रथम 11 संख्याओं का औसत 72.8 है और अंतिम 11 संख्याओं का औसत 77.2 है। यदि 10वीं संख्या, 11वीं संख्या से पाँच कम है और यदि 10वीं और 11वीं संख्याओं को हटा दिया जाए, तो शेष संख्याओं का औसत कितना होगा? (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) | |
| Ans | 1. 71<br>2. 72<br>3. 73<br>4. 70 | |

Section : **Part-D-English**

| | | |
|---|---|---|
| Q.1 | Your friend tells you to 'face the music' when you're hesitant to confess a mistake. What does your friend mean? | |
| Ans | 1. Your friend wants you to listen to some music.<br>2. Your friend wants you to dance.<br>3. Your friend wants you to avoid the situation.<br>4. Your friend wants you to confront the consequences or accept responsibility for your actions. | |

**Q.2** Select the INCORRECTLY spelt word.

**Ans**

1. Dinner
2. Iminent
3. Exuberant
4. Colloquial

**Q.3** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.
Lethargic

**Ans**

1. Dynamic
2. Sluggish
3. Dull
4. Sleepy

**Q.4** Select the most appropriate option to fill in the blank.

The ________________ nature of the proposal led to extensive discussions and debates among the committee members.

**Ans**

1. simplistic
2. transparent
3. contentious
4. agreeable

**Q.5** Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.

Alternative animal feeds <u>can be source from</u> byproducts, waste streams or novel crops; they are all designed to facilitate more sustainable agriculture.

**Ans**

1. can be sourced from
2. can be sourced along
3. can be sourced near
4. can sourced from

**Q.6** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Forward

**Ans**

1. Leading
2. Mean
3. Backward
4. Wise

**Q.7** The given sentence is divided into four segments. Select the option that has the segment with an adverbial usage error.

Elizabeth brightly / accepted the award / given by / the President.

**Ans**

1. accepted the award
2. given by
3. Elizabeth brightly
4. the President

**Q.8** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Idle**

**Ans**

1. Active
2. Brave
3. Lucky
4. Rude

**Q.9** **Complete the sentence with the suitable collocation.**

**The residents _________ now to just go about their lives.**

**Ans**

1. felt free
2. feel freed
3. has felt free
4. has been felt freed

**Q.10** **Select the most appropriate idiom that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**He has a knack for <u>ignoring problems intentionally</u> in his department, hoping they will just go away.**

**Ans**

1. turning point
2. turning a corner
3. turning a leaf
4. turning a blind eye

**Q.11** **Identify the sentence with an INCORRECT use of adverb.**

**Ans**

1. They sent the invitation on Friday.
2. She soon will finish the project.
3. We visited the museum last weekend.
4. I'll see you at the conference tomorrow.

**Q.12** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'**

**Over two hundred years ago, early in the eighteenth century, our ancestors <u>had come down over this</u> mountain valley to seek fame and fortune in the rich plains below.**

**Ans**

1. No substitution required
2. had been coming down onto
3. comes down into this
4. came down from that

**Q.13** **Select the option that correctly rectifies the underlined spelling error.**

**To achieve a <u>continuos</u> improvement in quality of results, hard work is needed.**

**Ans**

1. contineous
2. continuous
3. contenuous
4. continuose

**Q.14** **Fill in the blank with the most appropriate ANTONYM of the word given in brackets.**
**This government was (feeble) ___________ and corrupt.**

**Ans**

1. spindly
2. bungling
3. robust
4. vulnerable

**Q.15** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Adversary**

**Ans**

1. Rival
2. Enemy
3. Ally
4. Competitor

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Transportation is a ______1______ source of environmental pollution, mainly due to fossil fuel-powered vehicles emitting $CO_2$ into the atmosphere. However, the shift ________2________ green cars offers hope for a cleaner future. Electric vehicles, or EVs, are another _______3_______ green technology innovation. Using electricity as their __________4__________ power source instead of gasoline or diesel, EVs produce zero tailpipe emissions, reducing the overall carbon emissions from transportation. With advancements in battery technology, EVs are becoming more accessible and ________5_________ for everyday use.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank No. 1.**

**Ans**

1. cautious
2. different
3. major
4. rare

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Transportation is a ______1______ source of environmental pollution, mainly due to fossil fuel-powered vehicles emitting $CO_2$ into the atmosphere. However, the shift ________2________ green cars offers hope for a cleaner future. Electric vehicles, or EVs, are another _______3_______ green technology innovation. Using electricity as their __________4__________ power source instead of gasoline or diesel, EVs produce zero tailpipe emissions, reducing the overall carbon emissions from transportation. With advancements in battery technology, EVs are becoming more accessible and ________5_________ for everyday use.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank No. 2.**

**Ans**

1. across
2. through
3. towards
4. around

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Transportation is a ______1______ source of environmental pollution, mainly due to fossil fuel-powered vehicles emitting $CO_2$ into the atmosphere. However, the shift ________2________ green cars offers hope for a cleaner future. Electric vehicles, or EVs, are another _______3_______ green technology innovation. Using electricity as their __________4__________ power source instead of gasoline or diesel, EVs produce zero tailpipe emissions, reducing the overall carbon emissions from transportation. With advancements in battery technology, EVs are becoming more accessible and ________5_________ for everyday use.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank No. 3.**

**Ans**

1. elevated
2. remarkable
3. sober
4. fancy

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Transportation is a ______1______ source of environmental pollution, mainly due to fossil fuel-powered vehicles emitting $CO_2$ into the atmosphere. However, the shift ________2________ green cars offers hope for a cleaner future. Electric vehicles, or EVs, are another _______3_______ green technology innovation. Using electricity as their __________4__________ power source instead of gasoline or diesel, EVs produce zero tailpipe emissions, reducing the overall carbon emissions from transportation. With advancements in battery technology, EVs are becoming more accessible and ________5_________ for everyday use.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank No. 4.**

**Ans**

1. hard
2. internal
3. primary
4. neutral

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Transportation is a ______1______ source of environmental pollution, mainly due to fossil fuel-powered vehicles emitting $CO_2$ into the atmosphere. However, the shift ________2________ green cars offers hope for a cleaner future. Electric vehicles, or EVs, are another _______3_______ green technology innovation. Using electricity as their __________4__________ power source instead of gasoline or diesel, EVs produce zero tailpipe emissions, reducing the overall carbon emissions from transportation. With advancements in battery technology, EVs are becoming more accessible and ________5_________ for everyday use.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank No. 5.**

**Ans**

1. competent
2. practical
3. neutral
4. harmless

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **दिए गए वाक्यों के रेखांकित शब्दों के आधार पर संज्ञा की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य की पहचान करें --**

**Ans**

1. मेरा दिल घबरा रहा है न जाने क्या होगा?
2. अकरम अच्छा धावक है उसे दौड़ में भाग लेना चाहिए।
3. माँ की ममता से बढ़कर कोई और प्रेम हो ही नहीं सकता।
4. दिवाली मेले के लिए बाज़ारों में सुंदर सजावट की गई है।

| | | |
|---|---|---|
| Q.2 | 'मैं घर की सफाई करूँगा और तब स्नान करूँगा|' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा? | |
| Ans | 1. घर की सफाई कर पहले मैं स्नान करूँगा|<br>2. मैं घर की सफाई कर स्नान करूँगा|<br>3. सफाई करने के बाद स्नान करूँगा|<br>4. सफाई कर मैं घर की स्नान करूँगा| | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.3 | निम्नलिखित विकल्पों में से 'घृणा' शब्द के लिए किस एक वाक्य में उचित विलोम का प्रयोग हुआ है। | |
| Ans | 1. उसके प्रकृति प्रेम को सब जानते हैं|<br>2. मनीषा को आज सिनेमा देखने जाना है|<br>3. वह नफरत के योग्य है|<br>4. सभी को संकट के समय मुकेश का सहयोग करना चाहिए| | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.4 | 'कल मेरे _________ ने विद्यालय में भाषण दिया।'<br>रिक्त स्थान की पूर्ति विदेशज शब्द द्वारा कीजिए | |
| Ans | 1. गुरुवर<br>2. अध्यापक<br>3. मास्टर<br>4. शिक्षक | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | निम्नलिखित विकल्पों में से 'मर्त्य ' शब्द के लिए किस एक वाक्य में उचित विलोम का प्रयोग हुआ है? | |
| Ans | 1. जीवन में जो प्रकाशित करे, वही महान है|<br>2. महात्मा गाँधी अपने कार्यों के लिए अमर हैं|<br>3. पाँच तत्वों में एक महत्वपूर्ण तत्व अग्नि भी है|<br>4. जीवों पर दया करो| | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | **निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें और क्रिया संबंधी त्रुटि की पहचान कर शुद्ध वाक्य का चयन करें।**<br>**वह उसको पुस्तक खो रहा है।** | |
| Ans | 1. वह उसको पुस्तक जा रहा है।<br>2. वह उसको पुस्तक चल  रहा है।<br>3. वह उसको पुस्तक ला  रहा है।<br>4. वह उसको पुस्तक दे रहा है। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | निम्नलिखित वाक्यांश हेतु सार्थक शब्द की पहचान करें।<br>जिसके विषय में कोई ज्ञान नहीं हो | |
| Ans | 1. अज्ञानी<br>2. अज्ञान<br>3. अज्ञात<br>4. ज्ञानी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | 'रमेश अपनी _____ से स्नेह करता है|' रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए तत्सम शब्द होगा - | |
| Ans | 1. पोथी<br>2. बुभुक्षा<br>3. बहन<br>4. भगिनी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द चुनिए -<br>जहां से गंगा का उद्गम होता है | |
| Ans | | 1. अग्निहोत्री<br>2. गंगोत्री<br>3. यमुनोत्री<br>4. भागीरथी |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | निम्न में से 'पड़ोसी' का पर्यायवाची शब्द है- | |
| Ans | | 1. प्रतिवेशी<br>2. प्रतिलिपि<br>3. प्रतिमुखी<br>4. प्रतिहारी |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | दिए गए शब्द का उचित विलोम शब्द चुनिए-<br><br>सगुण | |
| Ans | | 1. अगुन<br>2. कगुन<br>3. निर्गुण<br>4. विगुण |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | मुहावरे और उसके अर्थ के लिए सही विकल्प चुनें।<br>उँगली उठाना | |
| Ans | | 1. उँगली ऊपर करना<br>2. दोस लगाना<br>3. इशारा करना<br>4. दोष लगाना |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | शब्द या वाक्यखण्ड बदलें और उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनें।<br>मैं आपकी श्रद्धा करता हूँ | |
| Ans | | 1. मैं आपकी ही श्रद्धा करता हूँ।<br>2. मैं आप पर श्रद्धा करता हूँ।<br>3. मैं आपकी बहुत श्रद्धा करता हूँ।<br>4. मैं आप पर श्रद्धा रखता हूँ। |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में अशुद्धि है?<br><br>विश्वविद्यालय के चार लड़का पकड़े गए। | |
| Ans | | 1. लड़का<br>2. चार<br>3. विश्वविद्यालय<br>4. पकड़े |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | दिए गए वाक्य के किस अंश में त्रुटि है चयन करें—<br>निरपराधी को दण्ड दिया जाना वास्तव में क़ानून का मज़ाक है। | |
| Ans | | 1. दण्ड दिया जाना<br>2. का मज़ाक है।<br>3. निरपराधी को<br>4. वास्तव में क़ानून |

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
हम लगातार प्रकृति का दोहन करते रहे| स्थिति को इस कदर बद से ________(16)________ बना दिया कि धरती की आबोहवा जीने लायक नहीं रही | प्रकृति से छेड़छाड़ का ही नतीजा है बढ़ती प्राकृतिक ________(17)________ | एक वर्ष में ________(18)________ पाँच सौ प्राकृतिक आपदाओं को हमें झेलना पड़ता है| शताब्दी के अंत, तक इस बात की ________(19)________ है कि तापमान ढाई से पाँच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा| इसके ________(20)________ परिणाम भुगतने होंगे|

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **उचित शब्द चुनकर गद्यांश में रिक्त स्थान (16) की पूर्ति करें-**

**Ans**

1. बदतर
2. जटिल
3. भयंकर
4. कठिनतम

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
हम लगातार प्रकृति का दोहन करते रहे| स्थिति को इस कदर बद से ________(16)________ बना दिया कि धरती की आबोहवा जीने लायक नहीं रही | प्रकृति से छेड़छाड़ का ही नतीजा है बढ़ती प्राकृतिक ________(17)________ | एक वर्ष में ________(18)________ पाँच सौ प्राकृतिक आपदाओं को हमें झेलना पड़ता है| शताब्दी के अंत, तक इस बात की ________(19)________ है कि तापमान ढाई से पाँच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा| इसके ________(20)________ परिणाम भुगतने होंगे|

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **उचित शब्द चुनकर गद्यांश में रिक्त स्थान (17) की पूर्ति करें-**

**Ans**

1. समस्याएँ
2. परेशानियाँ
3. आपदाएँ
4. विभीषिकाएँ

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
हम लगातार प्रकृति का दोहन करते रहे| स्थिति को इस कदर बद से ________(16)________ बना दिया कि धरती की आबोहवा जीने लायक नहीं रही | प्रकृति से छेड़छाड़ का ही नतीजा है बढ़ती प्राकृतिक ________(17)________ | एक वर्ष में ________(18)________ पाँच सौ प्राकृतिक आपदाओं को हमें झेलना पड़ता है| शताब्दी के अंत, तक इस बात की ________(19)________ है कि तापमान ढाई से पाँच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा| इसके ________(20)________ परिणाम भुगतने होंगे|

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **उचित शब्द चुनकर गद्यांश में रिक्त स्थान (18) की पूर्ति करें-**

**Ans**

1. कल
2. औसतन
3. नतीजा
4. कुछ

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
हम लगातार प्रकृति का दोहन करते रहे| स्थिति को इस कदर बद से ________(16)________ बना दिया कि धरती की आबोहवा जीने लायक नहीं रही | प्रकृति से छेड़छाड़ का ही नतीजा है बढ़ती प्राकृतिक ________(17)________ | एक वर्ष में ________(18)________ पाँच सौ प्राकृतिक आपदाओं को हमें झेलना पड़ता है| शताब्दी के अंत, तक इस बात की ________(19)________ है कि तापमान ढाई से पाँच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा| इसके ________(20)________ परिणाम भुगतने होंगे|

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **उचित शब्द चुनकर गद्यांश में रिक्त स्थान (19) की पूर्ति करें-**

**Ans**

1. आशा
2. गुंजाइश
3. पूर्वानुमान
4. संभावना

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
हम लगातार प्रकृति का दोहन करते रहे| स्थिति को इस कदर बद से ________(16)________ बना दिया कि धरती की आबोहवा जीने लायक नहीं रही | प्रकृति से छेड़छाड़ का ही नतीजा है बढ़ती प्राकृतिक ________(17)________ | एक वर्ष में ________(18)________ पाँच सौ प्राकृतिक आपदाओं को हमें झेलना पड़ता है| शताब्दी के अंत, तक इस बात की ________(19)________ है कि तापमान ढाई से पाँच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा| इसके ________(20)________ परिणाम भुगतने होंगे|

**SubQuestion No : 20**

**Q.20**

**Ans**

1. अनेक
2. व्यापक
3. गम्भीर
4. अधिकतर